### एक नजर में




## जूनियर क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

**उज्जैन।** जैन यूथ क्रिकेट क्लब (जेवाईसीसी) टूर्नामेंट हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 24 अप्रैल से 24 मई तक क्षीरसागर स्टेडियम उज्जैन पर खेला जा रहा है। जेवाईसीसी नित नए प्रयोगों से सामाजिक एकता स्थापित करने के प्रयास में नींव का पत्थर साबित हो रहा है। जेवाईसीसी कमेटी मेंबर शैलेन्द्र जैन ने बताया कि इस वर्ष समाज के वरिष्ठ समाजसेवी विजय जैन एवं रजनीश मिंडा ने इस संपूर्ण क्रिकेट टूर्नामेंट का लाभ लिया। जेवाईसीसी क्रिकेट पुरुष, महिला और अब बच्चों के टूर्नामेंट के आगाज के बाद संपूर्ण परिवार यहां इस मिलन समारोह में शामिल हो रहे हैं। 16 मई को जेवाईसीसी जूनियर क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत की गई। लड़कों के वर्ग में विपिन कासलीवाल और विनीत जैन थे। अपने अपने ग्रुप के मैच जीतकर फाइनल में जगह बनाई। लड़कियों में नवकार चैलेंजर्स ने प्रसन्न मन पर जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जेवाईसीसी के संरक्षक विनोद बरबोटा, अमित कावड़िया, रजत मेहता मुख्य रूप से उपस्थित थे। विशेष अतिथि के रूप में अरविंद जैन एवं जयंतीलाल फाफरिया, डॉ. सीके कासलीवाल, संजीव सरावगी उपस्थित रहे।



## शर्मा और जैन का किया सम्मान

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की जिला व संभाग इकाई द्वारा 17 मई को कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेशचंद्र शर्मा और गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष ओम जैन का आत्मीय सम्मान किया गया। दोनों नेताओं को शासन द्वारा कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिए जाने पर संघ ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया। स्नेह सम्मेलन में अजा मोर्चा के कन्हैयालाल चौहान, आनंद सिंह खींची व कमलेश बैरवा, अमित श्रीवास्तव, संचालक दुर्गा जाटवा, अर्जुन सिंह चंदेल और दीपक पुरोहित गरिमामयी उपस्थिति में रहे। संचालन मनोहर गिरी और रामसिंह बनिहार ने किया। अतिथियों का स्वागत भाषण जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने दिया तथा आभार मांगीलाल पाटीदार ने माना। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न कर्मचारी संगठनों के जिलाध्यक्ष व प्रतिनिधि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



## लोकअभियोजकों का अभिनंदन किया

**उज्जैन।** जिला लोक अभियोजक कार्यालय में 18 मई की शाम 4 बजे मध्य प्रदेश शासन विधि और विधायी कार्य विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार नवनियुक्त जिला लोकअभियोजक रविंन्द्रसिंह कुशवाह एवं अतिरिक्त जिला लोकअभियोजक सर्वश्री मुकेश जैन, मनीष श्रीवास्तव, राहुल विपट, संजय शिन्दे, जयशर्मा, संजय गोयल, अजय पाण्डेय, महेश यादव, हेमंन्त गिरजे, सचिन तेनगुरिया, राजनीष उपाध्याय, विनोद कुमार व्यास, सरदारसिंह चौहान का प्रशिक्षित मध्यस्थ ठाकुर हरदयालसिंह एडवोकेट, दिनेशचन्द्र पंड्या, पं. योगेश व्यास तथा मंडल अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र मेहता, योगेंन्द्र पांडे, राधे राजपूत, दीपकसिंह चुण्डावत, राजेन्द्रसिंह असावत, अविनाश मीणा, विवेकसिंह परिहार आदि ने साफ़ा बांधकर, माला,पुष्पमाला से अभिनंदन किया।

## पदाधिकारियों को दी गई नई जिम्मेदारी








**उज्जैन।** श्री वल्लभ वैष्णव मंडल की एक महत्वपूर्ण बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से तीन नए पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया, जिन्हें संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का जिम्मा सौंपा गया है। मंडल के मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि बैठक के दौरान मंडल के संस्थापक विट्ठल नागर और सभी बोर्ड सदस्यों की आम सहमति से आनंद पुरोहित, नूपुर नीमा और अमित नागर को सर्वसम्मति से मंडल का सह-समन्वयक निर्वाचित किया गया है। पूरी बोर्ड मीटिंग के दौरान इन नवनियुक्त सह-समन्वयकों को मंडल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और इसके विस्तार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। इन तीनों पदाधिकारियों के सह-समन्वयक निर्वाचित होने पर श्री वल्लभ वैष्णव मंडल के सभी सदस्यों के साथ-साथ युवा मंडल और महिला मंडल में भी हर्ष व्याप्त है। सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# भस्मारती बुकिंग के नाम पर महिला श्रद्धालु से 42 हजार की धोखाधड़ी

**उज्जैन।** महाकाल दर्शन और भस्मारती के नाम पर फिर से श्रद्धालुओं के साथ धोखाधड़ी के मामले सामने आने लगे है। बड़ोदरा गुजरात की महिला श्रद्धालु के साथ हुई 42 हजार की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज किया है।

महकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि रविवार को गुजरात के बडोदारा स्थित योगेश्वर सोसायटी अपोजिट नवीनो बेटरी मकरपुरा में रहने वाली वीणा धनेरिया पति अमित पंड्या 44 साल ने शिकायत दर्ज कराई कि प्रायवेट जॉब करती हूं। 15 मई को दोस्त अल्पना पटेल के साथ महाकालेश्वर दर्शन के लिये उज्जैन आई थी। भस्मारती बुकिंग के लिये गगूल पर सर्च किया। जहां दीपक मिश्रा का मोबाइल नम्बर 8770064451 मिला। जिस पर संपर्क करने पर दीपक मिश्रा से बात करने पर उसके द्वारा दोनों की भस्मारती बुकिंग के लिये



11 हजार 500 रुपए मांगे और आधार कार्ड की फोटो भेजने की बात कहीं। दीपक मिश्रा को गगूल पे के माध्यम से रुपयों का ट्रांजेक्शन किया गया। रात 9.30 बजे फिर दीपक का कॉल आया और बताया कि 10 हजार रुपये भेजना पड़ेंगे। यह प्रोटोकाल में सेव मनी रहेगी। जो बाद में रिफंड हो जायेगा। दीपक के नम्बर पर 10 हजार का ट्रांजेक्शन कर दिया गया। फिर एक घंटे बाद उसका फोन आया और बोला कि आपने जो पेंमेंट मुझे किया है वो आया नहीं है आप दूसरे नंबर से भेजें। मैंने अपने पति अमित पण्डया से बोलकर उनके यूपीआई मो.न.- 9898076960 से दीपक के मोबाइल पर 10 हजार का ट्रांजेक्शन कराया। दूसरे दिन फिर दीपक ने कॉल किया और प्रोटोकाल के नाम पर 10 हजार 500 रुपये का ट्रांजेक्शन करने को कहा और बताया कि भस्मारती नंदी हॉल से हो जायेगी। रुपयों का ट्रांजेक्शन करने के बाद रविवार सुबह भस्मारती करना थी, लेकिन उससे पहले दीपक कॉल आ गया। उसने कहा कि भस्मारती बुकिंग नहीं हुई है। आपका पेमेंट रिफंड की प्रोसेस कर दी गई है। भस्मारती दर्शन बुकिंग नहीं हो पाने की स्थित में महाकाल मंदिर पहुंचकर जानकारी ली गई तो सामने आया कि दीपक मिश्रा ने 42 हजार की धोखाधड़ी की है। थाना प्रभारी के अनुसार वीणा धनेरिया की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। दीपक मिश्रा का मोबाइल नम्बर ट्रेस कर पता लगाया जा रहा है कि कहां का रहने वाला है।

### गर्भवती महिला की संदिग्ध हालत में मौत

**उज्जैन।** डिलेवरी के लिए चरक अस्पताल लाई गई गर्भवती महिला की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाया। मामला संदिग्ध होने पर पुलिस ने सोमवार सुबह पोस्टमार्टम करवाया है। छोटी कमल कॉलोनी चिमनगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली पुष्पा पति योगेश डोडिया 32 वर्ष को परिजन रविवार दोपहर डिलेवरी के लिए चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां लेबर रूम में पुष्पा को अचानक तेज सांस चलने लगी। उसकी हालत बिगड़ती देख डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया। लेकिन कुछ देर बाद पुष्पा की मौत हो गई। इस दौरान पुष्पा के साथ आई महिलाओं ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया। ड्यूटी पर डॉ. इशिता शास्त्री और डॉ. भरत यादव मौजूद थे। जिन्होंने मामले में संदेह जताया और परिवार से पोस्टमार्टम करवाने की बात कही। इस बात को लेकर भी परिवार और स्टॉफ के बीच तनाव की स्थिति बन गई। देर शाम शव को पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचाया गया और मामले की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी गई। आज सुबह परिजनों ने पोस्टमार्टम के दौरान एक बार फिर लापरवाही के आरोप अस्पताल प्रबंधन पर लगाए। बताया जा रहा है कि गर्भ में पल रहे शिशु की भी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट होने की बात कही है।

### गोदाम में पेट्रोल छिड़ककर लगाई आग

**उज्जैन।** देसाई नगर क्षेत्र में रविवार सोमवार रात डिस्पोजल गोदाम आग की लपटों से घिर गया। आगजनी का पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे गए तो एक युवक पेट्रोल छिड़ककर आग लगता दिखाई दिया। पुलिस ने युवक की तलाश शुरू की है। देसाई नगर स्थित जाल कम्पाउण्ड के पास युवराजसिंह जाट किराये के मकान में डिस्पोजल गोदाम संचालित करते हैं। रात को आसपास के लोगों ने उन्हें गोदाम में आग लगने की जानकारी दी। युवराज मौके पर पहुंचा। फायर फायटरों ने आग पर काबू 30 मिनट में काबू पा लिया। सीसीटीवी कैमरे देखे गए तो एक युवक आगजनी को अंजाम देता दिखाई दिया। युवक ज्वलनशील पदार्थ भरकर साथ लाया था और उसमें आग लगाकर गोदाम में फेंककर भागा है। पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

# पिता पुत्र ने की थी रिश्तेदार के मकान में चोरी की वारदात

- 15 दिन बाद गिरफ्त में आए, 2.80 लाख का माल बरामद

### बैंक मैनेजर जैन के मकान को बनाया था निशाना

**उज्जैन।** बैंक मैनेजर के मकान में हुई चोरी की वारदात में पिता-पुत्र शामिल होना सामने आये है। जो मैनेजर के रिश्तेदार ही है। दोनों इंदौर से बाइक पर आये थे और मकान का ताला तोड़कर आभूषण, नगदी सहित 5 लाख का माल चुराकर ले गये थे।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि 2 मई को सार्थक नगर में रहने वाले आईसीआईआईसी बैंक मैनेजर विनय जैन के मकान में चोरी की वारदात होना सामने आया था। जैन परिवार राजस्थान से लौटा तो मकान का दरवाजा टूटा मिला था। घर का सामान बिखरा था और आभूषणों के साथ नगदी गायब थी। मामले की जानकारी लगने पर पुलिस ने जांच शुरू की थी और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे गये थे। जिसमें बाइक सवार 2 संदिग्ध दिखाई दिये थे। जिसमें एक ने चेहरा कपड़े से छुपा रखा था, पीछे बैठ व्यक्ति ने हेलमेट लगाया था। फुटेज के आधार पर दोनों की तलाश शुरू की गई और इंदौर के एरोड्रम क्षेत्र में रहने वाले हेमंत जैन और आदित्य जैन को हिरासत में लिया गया। जो बैंक मैनेजर के रिश्तेदार होना सामने आये। जिनकी निशानदेही पर 2.80 लाख का सामान बरामद कर विवेचना एसआई वर्षा सोलंकी को सौंपी गई।

### मामले में आरोपी पत्नी को भी दबोचा

मामले में एसआई सोलंकी ने बताया कि पूछताछ के दौरान हेमंत जैन की पत्नी को भी आरोपी बनाया है। चोरी की पूरी जानकारी थी। वारदात करने वाले परिवार को पता था कि रिश्तेदार विनय जैन राजस्थान जाने वाले है। मकान सूना रहेगा। इंदौर से पिता-पुत्र बाइक से आये थे और वारदात कर फरार हो गये थे। फिलहाल तीनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। शेष माल की बरामदगी के प्रयास जारी है।

## कोतवाली थाना एसआई ने बुजुर्ग महिला को थप्पड़

**उज्जैन।** परिवार के दो बच्चों मे हुए विवाद का मामला कोतवाली थाने पहुंचा तो पुलिस ने एक को थाने में बैठा लिया। मामला पारिवारिक होने पर परिवार की 70 वर्षीय वृद्धा थाने पहुंची और बच्चों को समझाने और छुड़ाने का प्रयास करने लगी। इसी बीच महिला एसआई ने वृद्धा को थप्पड़ मार दिया। वृद्धा कैंसर पीड़ित है। क्षीरसागर क्षेत्र में प्रकाश सूर्यवंशी के परिवार में दो बच्चों के बीच रविवार शाम विवाद हो गया था। दोनों एक दूसरे की शिकायत दर्ज कराने कोतवाली थाने पहुंचे। जहां पुलिस ने एक को थाने में बैठा दिया जिसे छुड़ाने के लिए 70 साल की कैंसर पीड़ित मां सुशीला बाई सूर्यवंशी थाने पहुंची, तो वहां पुलिस कर्मियों से उनकी बहस हो गई। इस दौरान महिला एसआई हर्षिता सांवरिया ने बुजुर्ग महिला को थप्पड़ मार दिया। कैंसर पीड़ित होने की वजह से उनके चेहरे से खून निकलने लगा और वह बेहोश होकर गिर पड़ी। परिजन जानकारी लगने पर थाने पहुंचे और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने भर्ती किया। परिजन मामले की शिकायत दर्ज कराने कोतवाली थाने पहुंचे लेकिन उनकी बात को नहीं सुना गया। पुलिसकर्मी महिला अधिकारी का ही पक्ष लेने लगे। परिजनों का कहना था कि थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जाएं। मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को लगी तो उन्होंने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। परिजनों का कहना था कि महिला अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाए और उपचार संबंधित खर्च भी वहन किया जाए।

# डेम में केवल 45 दिन का पेयजल शेष, समय पर बारिश नहीं हुई तो गहरा सकता है जल संकट

- पानी की बर्बादी पर रोक जरूरी, वरना टैंकरों पर निर्भर होगी जनता



**उज्जैन।** धर्मनगरी उज्जैन में पेयजल संकट की आशंका गहराने लगी है। शहर की लगभग पूरी जलापूर्ति का आधार गंभीर बांध है और वर्तमान स्थिति यह है कि बांध में केवल करीब 45 दिन का पानी शेष बचा है। यदि मानसून समय पर नहीं आया या बारिश सामान्य से कम हुई, तो जून के बाद शहर को गंभीर पेयजल संकट का सामना करना पड़ सकता है। इस स्थिति को देखते हुए नगर निगम और प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर काम तेज कर दिया है, ताकि भीषण गर्मी के बीच शहरवासियों को पानी की कमी का सामना न करना पड़े।

नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि गंभीर बांध में उपलब्ध जल सीमित है। लेकिन आवश्यकता पड़ने पर नर्मदा नदी के पानी का उपयोग पेयजल आपूर्ति के लिए किया जा सकता है। इसके लिए पाइपलाइन व्यवस्था पहले से तैयार कर ली गई है। अधिकारियों का कहना है कि स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और जरूरत पड़ने पर तुरंत वैकल्पिक स्रोतों से जलापूर्ति शुरू की जाएगी।

उज्जैन जैसे धार्मिक और तेजी से विकसित होते शहर के लिए जल प्रबंधन सबसे बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। गंभीर बांध में केवल 45 दिन का पानी शेष होना स्पष्ट संकेत है कि यदि अभी से जल संरक्षण, वैकल्पिक स्रोतों का उपयोग और जल वितरण की नई रणनीति लागू नहीं की गई, तो जून के बाद शहर को गंभीर संकट का सामना करना पड़ सकता है। प्रशासनिक तैयारी के साथ-साथ नागरिकों को भी पानी बचाने की आदत अपनानी होगी, तभी आने वाले दिनों में शहर की प्यास बुझाई जा सकेगी।

### 1 दिन छोड़कर सप्लाई जरूरी

विशेषज्ञों और नागरिकों का मानना है कि यदि वर्तमान की तरह प्रतिदिन जलप्रदाय जारी रहा, तो उपलब्ध पानी तेजी से समाप्त हो सकता है। इसके विपरीत यदि अभी से एक दिन छोड़कर जल वितरण शुरू किया जाए, तो यही पानी लगभग 90 दिन तक चल सकता है। इससे न केवल जल संकट को टाला जा सकेगा, बल्कि मानसून आने तक शहर को राहत मिल सकती है। शहर में सड़कों के चौड़ीकरण, निर्माण और विकास कार्यों के चलते कई स्थानों पर पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो रही हैं। पाइप फूटने से बड़ी मात्रा में पानी व्यर्थ बह जाता है और मरम्मत में समय लगने के कारण कई क्षेत्रों में जलापूर्ति बाधित हो जाती है। पुरानी और लीकेज वाली पाइपलाइन भी बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। इससे न केवल पानी की बर्बादी होती है, बल्कि कई बार दूषित पानी की शिकायतें भी सामने आती हैं। यदि समय रहते जल संरक्षण के उपाय नहीं किए गए, तो स्थिति बिगड़ने पर लोगों को पानी के लिए टैंकरों, निजी बोरिंग और हैंडपंपों पर निर्भर होना पड़ सकता है। गर्मी बढ़ने के साथ जल की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में प्रशासन और आम नागरिकों दोनों की जिम्मेदारी है कि हर बूंद का महत्व समझें। यदि किसी क्षेत्र में पानी कम आ रहा है या गंदा पानी सप्लाई हो रहा है। तो नागरिक तत्काल उज्जैन नगर निगम से संपर्क कर सकते हैं। ताकि समस्या का शीघ्र समाधान किया जा सके।

### रोक नहीं तो संकट बढ़ेगा शहर में

जल संकट के बीच शहर में पानी की अनावश्यक बर्बादी भी चिंता का विषय है। कई लोग पीने का पानी भरने के बाद उसी पानी से सड़कें धोते हैं, वाहन साफ करते हैं और अन्य गैर-जरूरी कार्यों में उपयोग करते हैं। अधिकांश घरों में कई बर्तनों में पानी संग्रहित किया जाता है। लेकिन अगले दिन ताजा पानी आने पर पहले से भरा पानी खाली कर दिया जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह आदत संकट की घड़ी में भारी पड़ सकती है। इसलिए समय रहते संभलने की आवश्यकता है।

# राष्ट्रीय नृत्योत्सव संपन्न, कथक गुरु डॉ. पूनम व्यास सम्मानित

### दो दिवसीय अभा शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता का समापन




**उज्जैन।** मध्यभारत के अग्रणी शास्त्रीय कथक एवं लोक नृत्य संस्थान प्रतिभा संगीत कला संस्थान द्वारा आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय शास्त्रीय और उपशास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता किंकीणी कीर्तन राष्ट्रीय नृत्योत्सव 2026 का अभिरंग नाट्यगृह कालिदास संस्कृत अकादमी में समापन हुआ। समारोह में संस्थान द्वारा स्थापित देश का प्रतिष्ठित सम्मान गुरु स्व. पं. कुंदनलाल गंगानी स्मृति नृत्यालंकरण 2026 बनारस घराने की कथक गुरु डॉ. पूनम व्यास को प्रदान किया गया।

संस्थान की निदेशक इंजी. प्रतिभा रघुवंशी एलची ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य परंपरा के अनुसार गुरु पादपूजन कर डॉ. व्यास को सम्मानित किया।

समारोह में दो दिवसीय प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में पधारे गुरु पं. धीरेन्द्र तिवारी और डॉ. मेघा शर्मा जादौन का अभिनंदन किया गया। साथ ही भरतनाट्यम शैली की स्पर्धा में विशेष तौर पर निर्णायक के रूप में पधारीं मध्य प्रदेश शिखर सम्मान से सम्मानित भोपाल की गुरु भारती होंबल का भी सम्मान किया गया।

### विजेताओं को बांटे गए पुरस्कार

नृत्योत्सव के समापन अवसर पर दो दिवसीय स्पर्धा के परिणामों की घोषणा की। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कार वितरित किए। संस्थान की प्रतिभा रघुवंशी ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथि के रूप में कपिल यार्दे, श्रीपाद जोशी, माया बदेका, डॉ. रौनक एलची विशेष रूप से उपस्थित रहे। आभार निदेशक प्रतिभा ने माना।

## कांग्रेस पार्षदों ने निगमायुक्त मिश्रा को सौंपा ज्ञापन

**उज्जैन।** शहर में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। गंभीर बांध में पर्याप्त पानी होने के बावजूद नगर निगम की घोर लापरवाही से शहरवासियों को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। दूषित पानी और कम दबाव से जलापूर्ति की समस्या को लेकर सोमवार को नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों ने निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा को ज्ञापन सौंपा।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय के साथ पार्षद माया त्रिवेदी, राजेंद्र वशिष्ठ, सपना सांखला, प्रेमलता रामी, अर्पित दुबे, इमरान, छोटेलाल मंडलोई, फिरोज पठान, मेहताब शाह लाल, सादिक कुरैशी, मोहित जायसवाल और जाहिद पहलवान सहित अन्य कांग्रेस पार्षदगण ने निगम प्रशासन से मांग की गई है कि शहर में हैंडपंप खनन, हैंडपंपों में नई मोटरें डालने और खराब पड़े हैंडपंप व मोटरों को तुरंत सुधारने का कार्य शुरू किया जाए। पार्षदों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही शहर की जनता को पर्याप्त और शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं कराया गया, तो आगामी दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान निगम की ओर से अपर आयुक्त पवन सिंह व संतोष टैगोर, अधीक्षण यंत्री संतोष दुबे और सहायक यंत्री अभिषेक दुबे भी उपस्थित थे।

**पुजारियों के लिए सुरक्षा** ▶ किन्नर साध्वी पर एफआईआर हो, साधु के भेष में मंदिरों में आ रहे गुंडातत्व, सिंहस्थ के लिए चिंताजनक

# गढ़कालिका में विवाद के बाद पुजारियों ने सीएम से की सुरक्षा एक्ट की मांग

**उज्जैन।** गढ़कालिका मंदिर में हुए विवाद के बाद अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने घटना की निंदा करते हुए मुख्यमंत्री से मध्य प्रदेश में पुजारी सुरक्षा एक्ट लागू करने की मांग की है। उज्जैन कलेक्टर से भी मांग की गई है कि गढ़कालिका मंदिर में उत्पात मचाने वाली किन्नर साध्वी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पुजारी ने कहा कि 17 मई को गढ़कालिका मंदिर में किन्नर साध्वी ने भारी अराजकता फैलाते हुए पुजारियों और मंदिर के सहयोगियों के साथ गाली-गलौज की और स्वयं ने निर्वस्त्र होकर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया जो उचित नहीं है। मंदिर जैसे सार्वजनिक स्थल पर इस तरह की घटना को अंजाम देना अपराध है।

### महाकाल मंदिर में भी हो चुका संत-पुजारी में विवाद

इस घटना ने छह माह पूर्व महाकाल मंदिर में हुए उस विवाद की यादें ताजा कर दी जब खुद को नाथ संप्रदाय का बताने वाले महावीरनाथ नामक व्यक्ति ने गर्भगृह से लेकर नंदी हॉल तक विवाद कर अशांति फैलाई थी। महासंघ का कहना है कि मंदिरों में साधु-संतों के भेष में गुंडातत्व का प्रवेश बढ़ता जा रहा है। यह लोग मंदिर समितियों के नियमों का पालन नहीं करते और परंपरा व मर्यादा को दरकिनार कर पुजारियों व स्थानीय लोगों के साथ अभद्रता करते हैं। महासंघ ने चिंता व्यक्त की है कि यदि ऐसे विवादित तत्वों पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाया गया, तो आगामी सिंहस्थ के दौरान जब करोड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ होगी, तब मंदिरों की व्यवस्थाएं संभालना बेहद मुश्किल हो जाएगा।

### गंगा दशहरा पर जापानी भक्त करेंगे स्नान

उज्जैन। नीलगंगा पर इस बार सिंहस्थ से नजारे में विदेशी भक्त भी शामिल होंगे। श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा और अखाड़ा परिषद के संयुक्त तत्वधान में प्रतिवर्ष होंने वाले गंगा दशहरा पर में जहां नागा साधुओं के पेशवाई में दर्शन होंगे तो वहीं इस बार ब्रह्मलीन महायोगी पायलट बाबा की जापान रहने वाली शिष्य महामंडलेश्वर किको आई कावा और 100 जापानी भक्त भी शामिल होंगे। साथ ही अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और पंचायती अखाड़ा निरंजन के सचिव रवींद्र पुरी महाराज एवं जूना अखाड़ा के मुख्य संरक्षक और अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री महंत हरि गिरि महाराज सहित देश भर से महामंडलेश्वर, संत महंत, महंत सहित नागा साधु पेशवाई में शामिल होंगे। इस अवसर पर सुबह 8 बजे से संतों की पेशवाई सिंहस्थ पड़ाव स्थल शिवांजली गॉर्डन नीलगंगा से पूरे शाही लवाजमे के साथ प्रारम्भ होगी। समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री भी श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा नीलगंगा पहुंचकर निशान देवता का पूजन करेंगे। डॉ. गोविंद सोलंकी और डॉ. राहुल कटारिया ने बताया कि महाआरती के साथ सवा क्विंटल हलवे का भोग लगेगा, सुबह पेशवाई और संतों का स्नान होगा, तो वही संध्या में मां नीलगंगा का आकर्षक श्रंगार कर मां गंगा की आरती की जाएगी।

# 43 डिग्री की भीषण तपिश में भी दिखा हरियाली का उत्साह

- प्रकृति तीर्थ में कोकेडामा वर्कशॉप,
- गौरैया संरक्षण पर जागरूकता




**उज्जैन।** प्रकृति प्रेम और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित संस्था उज्जैन गार्डनिंग हॉबीट्स का प्रकृति तीर्थ विश्वास निवास में मई माह का मासिक मिलन समारोह अत्यंत उत्साह और आत्मीयता के साथ संपन्न हुआ। मई की 43 डिग्री की भीषण तपिश के बावजूद पर्यावरण प्रेमियों का उत्साह देखने लायक था। शुरुआत सामान्य परिचय के साथ हुई। कोकेडामा वर्कशॉप रहा मुख्य आकर्षण, मुख्य सत्र में पर्यावरणविद शशांक शुक्ल ने बिना गमले के पौधे तैयार करने की जापानी कला कोकेडामा पर एक लाइव वर्कशॉप ली। विक्रम के डॉ. शेखर मदमवार ने गौरैया संरक्षण विषय पर अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किए। रुचि श्रीवास्तव, मोहम्मद जिया फारूकी एवं अर्पित अनंत गोयल ने भी अपने प्रेरणादायक उद्बोधनों से समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया।

### पौधे भेंट कर मनाया जन्मदिन

संस्था के अमित माथुर ने बताया कि इस अवसर पर उज्जैन गार्डनिंग हॉबीट्स के संस्थापक अभिमान विश्वास, झाबुआ से आए संतोष सिंह सूर्यवंशी एवं मोहम्मद जिया फारूकी का जन्मदिन पर्यावरण प्रेमियों ने एक-दूसरे को पौधे और गमले उपहार स्वरूप भेंट कर हरियाली के संदेश को प्रसारित किया। आयोजन में अमिताभ सुधांशु, विशाल निन्नौरे सहित भारी संख्या में प्रकृति प्रेमी उपस्थित रहे। जानकारी अमित माथुर ने दी।